दिन– रविवार | दिनांक– 16 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर सियासी हलचल तेज। एनडीए घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात।

02 प्रफुल्ल कुमार मांझी हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा विधायक दल के नेता चुने गए। जदयू और बीजेपी के विधायक दल की बैठक कल होगी।

03. अठारहवीं विधानसभा के गठन की अधिसूचना जारी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने दो सौ तैंतालीस निर्वाचित सदस्यों की सूची राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां को सौंपी।

04. और, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी प्रसाद यादव के सलाहकारों पर अपमानित करने का फिर लगाया आरोप।

---

राज्य में एनडीए के नेतृत्व वाली नई सरकार के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने आज नीतीश कुमार से पटना में मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की। इधर, एनडीए के विभिन्न घटक दलों की विधायक दल की बैठक आयोजित की जा रही है।

–––बाइट–––

विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए कल भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के नव निर्वाचित विधायकों की अलग अलग बैठक होने की संभावना है । जनता दल यूनाइटेड के विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सर्व सम्मति से पार्टी के विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है । नव निर्वाचित विधायकों और जदयू के वरिष्ठ नेताओं ने भी इसका समर्थन किया है ।इस बीच लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के बाद हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने अपने अपने विधायक दल का नेता चुन लिया । हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के विधायक प्रफुल्ल मांझी पार्टी के विधायक दल के नेता चुने गये हैं । वे जमुई जिले के सिकंदरा से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सभी घटक पार्टियों के विधायक दल के नेता चुने जाने की प्रक्रिया के बाद एनडीए के 202 विधायकों की बैठक होगी , जिसमें एनडीए के विधायक दल का नेता चुना जायेगा । इसके बाद सर्वसम्मति से चुने गये राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन – एनडीए के विधायक दल के नेता राज्यपाल को विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे । इस बीच कल मौजूदा सरकार की अंतिम कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में होने की संभावना है । बैठक में राज्य मंत्रिमंडल को भंग किये जाने की सिफारिश किये जाने की संभावना है इसके बाद नयी सरकार के गठन के लिए मार्ग प्रशस्त होगा । धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आज पटना मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री कुशवाहा ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि नई सरकार बनाने की औपचारिकता जल्द पूरी की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर कोई अगर–मगर नहीं है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे रहेंगे।

———बाइट———

---

इधर, राष्ट्रीय जनता दल के नव निर्वाचित विधायकों की बैठक भी कल पटना में होगी। बैठक की अध्यक्षता तेजस्वी यादव करेंगे।

---

केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली प्रचंड जीत को विकास कार्यों की जीत बताया है। मुम्बई में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जो विकास कार्य हुए हैं उसका प्रमाण बिहार की जनता ने दिया है।

———बाइट———

---

लोजपा रामविलास के विधायक दल के नवनिर्वाचित नेता राजू तिवारी ने कहा है कि एनडीए की जीत बूथ स्तर के कार्यकार्ताओं के एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास के जो काम किए है। जनता ने उसका पारितोषिक दिया है।

———बाइट———

---

अठारहवीं विधानसभा के गठन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने सभी दो सौ तैंतालीस निर्वाची सदस्यों की सूची आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां को सौंप दी। इस अवसर पर राजभवन में निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अमित पांडेय, प्रशांत कुमार सीएच समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसके साथ ही राज्य में चुनाव की घोषणा के साथ लागू आदर्श आचार संहिता भी समाप्त हो गई है।

---

जानी–मानी अभिनेत्री नीतू चन्द्रा को बिहार राज्य के लिए चुनाव आयोग के स्वीप आईकॉन की सूची हटा दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने यह कार्रवाई की है। नीतू चन्द्रा का एक समाचार चैनल द्वारा खास राजनीतिक दल के पक्ष में अपनी बात कहते हुए समाचार प्रसारित किया थे। इसके बाद मामला संज्ञान में आने पर कार्रवाई की गई है।

---

विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद राजद में आंतरिक मतभेद खुल कर सामने आ गए हैं। पार्टी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पार्टी छोड़ने की घोषणा की है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट के माध्यम से उन्होंने चुनाव के दौरान पार्टी के निर्णयों पर सवाल उठाने पर उनके साथ किए गए अपमानजनक व्यवहार के कारण परिवार से भी संबंध तोड़ने की तोड़ने की बात कही है। श्रीमती आचार्य ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी की करारी हार को लेकर प्रश्न पूछने पर तेजस्वी यादव के सलाहकार संजय यादव और रमीज खान ने उन्हें धमकी दी।

———बाइट———

---

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बड़े पुत्र और जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने बहन रोहिणी आचार्य से जुड़े विवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट मे कहा है कि अपनी बहन का अपमान वे किसी भी हाल में सहन नही करेंगे है। श्री यादव ने अपने पिता लालू प्रसाद से भी आग्रह किया है कि पार्टी के अंदर शामिल गलत लोगों के खिलाफ कड़े फैसले लिए जाये।

---

देशभर में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी। यह दिवस देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में एक स्वतंत्र, जिम्मेदार और नीतिपरक प्रेस की भूमिका की पुष्टि करता है।

———बाइट———

आज का यह दिन एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस का प्रतीक है, जो लोकतंत्र का मूल आधार है। इस दिवस को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जाता है, जिनमें पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और स्मारिका का प्रकाशन शामिल है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश में मीडिया का दायरा लगातार बढ़ रहा है, वर्ष 2004 में जहां लगभग साठ हजार पंजीकृत प्रकाशन थे वहीं 2024–25 में इनकी संख्या बढ़कर डेढ़ लाख से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस का यह दिन न केवल प्रेस की उपलब्धियों का उत्सव है बल्कि उसे जिम्मेदारी को भी रेखांकित करता है जो समाज को अधिक जागरूक और पारदर्शी बनाने में प्रेस की अहम भूमिका को दर्शाती है। रोहन के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मीडिया की अहम भूमिका पर बल देते हुए कहा है कि मीडिया देश के विकास की खबरों के साथ युवाओं में आशा भरती है। नई दिल्ली में मनोरमा न्यूज़मेकर पुरस्कार 2024 में अपने संबोधन में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि पत्रकारिता उनकी आवाज बनता है, जो स्वयं अपनी आवाज नहीं उठा सकते।

---

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई भी उपस्थित थीं। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण

भूमिका है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया था।

———बाइट———

आज नेशनल प्रेस डे पर मिस–इंर्फोमेशन को कैसे काउंटर करें। प्रेस की क्रेडिबिल्टी को कैसे स्ट्रेंदेन करें। उस थीम पर व्याख्यान रखा गया था और फोकस किया कि किस तरह से प्रेस और विशेषकर आज के डिजिटल इंडिया की एक्यूरेसी पर करेक्ट इंर्फोमेशन पर वैरिफिकेशन करने के मेथड पे इन सब के ध्यान देने की जरूरत है और विशेषकर ए. आई. के उपयोग से जो लोग मिसइंर्फोमेशन स्प्रेड कर रहे हैं, उनका किस तरह से हम काउंटर करें।

प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई इस अवसर पर अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने प्रेस के नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करना शुरू किया था।

———————————————————————

इधर, पटना समाहरणालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन ने कहा कि मीडिया को सोशल और डिजिटल मीडिया के दौर में और जिम्मेदारी के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रमाणिकता और विश्वसनीयता समाचारों की असली कसौटी होनी चाहिए।

———बाइट———

अररिया, शेखपुरा, अरवल, सुपौल, समस्तीपुर, रोहतास, समेत विभिन्न जिला मुख्यालय स्थित प्रेस क्लब में भी राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।

———————————————————————

बिहार और मिजोरम के बीच रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का प्लेट ग्रूप का एक महत्वपूर्ण मुकाबला पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन मिजोरम ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट के नुकसान पर तीन सौ सतहत्तर रन बना लिए है। मिजोरम के अरमान जाफर एक सौ अठहत्तर रन बनाकर

क्रिज पर बने हुए है। बिहार की ओर से मलय राज, हिमांशु सिंह और खालिद ने एक–एक विकेट लिए।

———————————————————————

एनटीपीसी बाढ़ में दो दिवसीय जिलास्तरीय दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप संपन्न हो गई। इसका उद्घाटन एनटीपीसी बाढ़ के कार्यकारी निदेशक जी. श्रीनिवास राव ने किया।

———————————————————————

प्रथम अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन तेईस नवम्बर से छपरा विश्वविद्यालय खेल परिसर में किया जायेगा। बिहार एथलेटिक्स संग के अध्यक्ष सलीम परवेज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और केन्द्रीय खेल और युवा मंत्रालय की सहयोग से किया जा रहा है। सारण जिले में पहली बार आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में अंडर फोर्टीन और अंडर सिक्सटीन आयु वर्ग की लड़किया भाग लेंगी।

———————————————————————

वैशाली की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव दो हजार पच्चीस में प्रयुक्त सभी ईवीएम और वीवीपैट को हरिवंशुपर वेयरहाउस में भंडारित करते हुए सीलबंद किया गया।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक अपराधी को एक कार्बाइन, एक देसी कट्टा और बड़ी संख्या में कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत—नेपाल सीमा के करीब एसएसबी जवानों ने जांच अभियान के दौरान एक तस्कर को भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया।

---

01. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर सियासी हलचल तेज। एनडीए घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात।

02 प्रफुल्ल कुमार मांझी हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा विधायक दल के नेता चुने गए। जदयू और बीजेपी के विधायक दल की बैठक कल होगी।

03. अठारहवीं विधानसभा के गठन की अधिसूचना जारी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने दो सौ तैंतालीस निर्वाचित सदस्यों की सूची राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां को सौंपी।

04. और, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी प्रसाद यादव के सलाहकारों पर अपमानित करने का फिर लगाया आरोप।

---

समाप्त